SPORTS ACHIEVEMENT 2023-24

KARIM CITY COLEGE, JAMSHEDPUR

Kolhan University Inter College **Badminton (Men/ Women) 2024** organised by G. C. Jain Commerce College, Jamshedpur on **12.01.2024 & 13.01.2024.**

Result – K.C.C. (Runner)

प्रभात खबर
जमशेदपुर, रविवार 14.01.2024 | 02
prabhatkhabar.com

करीम सिटी को मात देकर वर्कर्स कॉलेज ने जीता खिताब

इंटर कॉलेज बैडमिंटन

चाईबासा. कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू) की ओर से दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता शनिवार को बिरसा मुंडा इनडोर स्टेडियम में संपन्न हुई. जिसकी मेजबानी ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज ने की. इस टूर्नामेंट में महिला व पुरुष दोनों वर्ग से पांच-पांच टीमों ने हिस्सा लिया. महिला वर्ग के फाइनल मैच में टाटा कॉलेज चाईबासा की टीम ने ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज की टीम को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम किया.

वहीं, पुरुष वर्ग के फाइनल में जमशेदपुर के वर्कर्स कॉलेज का मुकाबला करीम सिटी कॉलेज से हुआ, जिसमें वर्कर्स कॉलेज की टीम विजेता रही. समापन समारोह में मुख्य अतिथि केयू के कुलसचिव डॉ राजेंद्र भारती व विशिष्ट अतिथि केयू के खेल प्रभारी डॉ मनमथ नारायण, सम्मानित अतिथि केयू के डीएस डब्ल्यू डॉ एससी दास व समाजसेवी सुरेश सिंह थे. मेजबान टीम जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया. मौके पर प्रोफेसर शास्त्री, प्रो डॉ मुरारी लाल बैध, डॉ सुमन, डॉ फिरोज इब्राहिमी व अन्य लोग मौजूद थे.